सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग,उ0प्र0
7वॉ तल,पी.सी.एफ. भवन, 32,स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांकः 148/सो0आ0नि0–349/2016
दिनाँकः 19 मई, 2016

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बस्ती, मऊ तथा कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः सोशल आडिट के सम्बन्ध में जिला विकास अधिकारियों की बैठक दि0 26–05–2016 का आयोजन।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2016–17 में माह जून, 2016 से सोशल आडिट के नवचयनित सदस्यों के प्रशिक्षण एवं जुलाई के प्रथम सप्ताह से जनपदों मे चयनित विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट की प्रकिया प्रारम्भ की जानी है। सोशल आडिट के सम्बन्ध में भारत सरकार/राज्य सरकार की नीतियों एवं सोशल आडिट को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कार्य–प्रकिया की जानकारी देने एवं विचार विमर्श के उद्देश्य से दि0 26–05–2016 को पूर्वाहः 11 बजे से अपराहः 03 बजे तक UPRRDA LKO के सभागार में जिला विकास अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक को भारत सरकार के विशेषज्ञ भी सम्बोधित करेंगें।

अतः आपसे अनुरोध है कृपया दि0 26–05–2016 को आयोजित उक्त बैठक में अपने जनपद के जिला विकास अधिकारियों को संलग्नक में दिये गये बिन्दुओं पर सूचना के साथ प्रतिभाग करने हेतु र्निदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः जिला विकास अधिकारियों द्वारा सूचना के बिन्दु

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक

पत्रांकः 148/सो0आ0नि0–349/2016, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– सम्बन्धित जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(राजवर्धन)
निदेशक

बैठक दिनांक 26.05.2016 में जिला विकास अधिकारियों द्वारा लाई जाने वाली सूचना के बिन्दु :–

1. वर्ष 2016–17 में सोशल आडिट हेतु टीमों के चयन, प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक योग्यता के सम्बन्ध में प्रारूप–1 तथा प्रारूप–2 पर सूचना।
2. सोशल आडिट हेतु वर्ष 2015–16 के मनरेगा रिपोर्ट डाउनलोड किए जाने की स्थिति।
3. वर्ष 2015–16 में सम्पन्न सोशल आडिट रिपोर्ट भारत सरकार तथा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की स्थिति।
4. जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के मानदेय भुगतान की स्थिति।
5. गत वर्ष के सोशल आडिट टीमों के मानदेय भुगतान की स्थिति एवं देयताएँ।
6. वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 में सम्पन्न सोशल आडिट के सारांश प्रेषण की स्थिति।
7. वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 में सम्पन्न सोशल आडिट के संदर्भ में जनपदों में की गई कार्यवाही की प्रगति।
8. भारत सरकार को प्रतिमाह प्रेष्य मासिक प्रगति के संबंध में जनपद की सूचना।
9. वित्तीय वर्ष 2015–16 में आवंटित धनराशि के सापेक्ष मदवार व्यय तथा बचत एवं बैंक समाधान की सूचना।